## जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन

# प्रकाशन में राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखें पत्रकार : विजयवर्गीय

- पत्रकारों के एडवोकेट जनरल बनेंगे कैलाश विजयवर्गीय
- ब्रह्माकुमारीज़ सहस्त्रबाहु नगर के सहयोग से हुआ आयोजन
- कैलाश विजयवर्गीय ने किया ब्रह्माकुमारीज़ का सम्मान



**भोपाल-म.प्र.।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पत्रकारिता के नाम पर अनैतिक आचरण करने वाले कुछ लोगों ने आगे का स्थान हथिया लिया है और केवल 'कलम एवं खबर' से मतलब वाला पत्रकार हाशिये पर अकेला पड़ा है। विजयवर्गीय ने यह बात नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स(इंडिया) के तत्वाधान एवं ब्रह्माकुमारीज़ के सहयोग से जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा होटल कैलाश में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान करते हुए कहा कि वे समाचार संकलन एवं प्रकाशन में राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखें। और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए वह स्वयं उनके पैरोकार(महाधिवक्ता) बनेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई पत्रकार बनने का दावा करने लगा है। इसलिए समय की मांग है कि पत्रकार की परिभाषा तय होनी चाहिए और इसके बाद सुरक्षा एवं सुविधाओं की मांग को उठाया जाए। एनयूजेआई के महासचिव प्रसन्न मोहंती ने पत्रकारों के रेलवे टिकट की रियायत बहाल करने तथा राज्यों में पत्रकार अधिमान्यता समितियों का पुनर्गठन करने की मांग की। बाद में एनयूजेआई के आम परिषद की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें मुख्य धारा के मीडिया को सोशल मीडिया से विस्थापित करने की कोशिश का विरोध किया गया तथा मुख्य धारा की मीडिया खास कर संवाद समितियों को सशक्त बनाने की मांग की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एनयूजेआई के अध्यक्ष रास बिहारी ने की और संचालन उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने किया। ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. डॉ. रीना दीदी ने दूसरे दिन के कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही संस्थान की ओर से सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा ब्र.कु. रावेन्द्र एवं ब्र.कु. हेमराज सूर्यवंशी को स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# एक ईश्वर, एक परिवार और एक धर्म का संदेश दे रहा ये संस्थान : राज्यपाल

## 'दया एवं करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण' थीम के तहत आयोजन



**मुम्बई-मुलुंड।** ब्रह्माकुमारीज़ के 'दया एवं करुणा के द्वारा सामाजिक तथा आध्यात्मिक सशक्तिकरण' विषय पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बाल दिवस के अवसर पर दयानंद स्कूल ग्राउंड,चन्दन बाग़ मुलुंड मुंबई में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ ने अमृत महोत्सव परियोजना की अपेक्षा और उद्देश्य को पूरा किया है क्योंकि इन लोगों ने सभी जाति, पंथ, धर्म, क्षेत्र की प्रत्येक आत्मा को आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से सशक्त बनाने की कोशिश की है। इन्होंने समाज के हर क्षेत्र को महत्व दिया है और एक ईश्वर, एक परिवार और एक धर्म के संदेश को समाज के सभी कोनों में फैलाया है। राज्यपाल ने कहा कि इस संस्थान के लोगों के दयालु स्वभाव के कारण विश्व परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है और हम आशा करते हैं कि मनुष्य अपनी मानसिक कमज़ोरियों को समाप्त करे और पवित्र स्पंदनों को प्रसारित करना सीखकर सभी को लाभ दे। राजयोग ध्यान उस क्षमता को मज़बूत करता है। संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्र.कु.मृत्युंजय भाई ने बताया कि किस तरह कुशल सम्बंध-संपर्क में और खुशहाल जीवन के लिए दया और करुणा आवश्यक है और किस तरह श्रेष्ठ समाज का निर्माण कर सकते हैं। मुलुंड सबज़ोन की प्रभारी राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. गोदावरी दीदी ने कहा कि मनुष्य का सम्बंध दया और करुणा आदि मूल्यों पर आधारित है। जब तक हर मनुष्य स्वयं की आध्यात्मिक प्रगति नहीं करेगा तब तक हमारा विश्व इन खूबसूरत भावनाओं से सम्पन्न नहीं बन सकता। ब्र.कु. लाजवंती दीदी ने शब्दों से सभी का स्वागत किया। मंच संचालन ब्र.कु. सचिन उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर संदीप सांगवे,डेप्युटी डायरेक्टर, एजुकेशन डिपार्टमेंट,मुंबई, मिहीर कोतेचा,मिनिस्टर, लेजिस्लेटिव असेम्बली, नानजी खिमजी भाई ठक्कर थानावाला,समाज रत्न व राजन अनुम,उद्योगपति ने भी अपने विचार रखे। अंत में डॉ. राजकुमार कोल्हे,फाउण्डर एंड प्रिंसिपल,जन, गण,मन स्कूल ने सभी का धन्यवाद किया।

**कार्यक्रम में...** राज्यपाल ने ब्रह्माकुमारीज़ मुलुंड सबज़ोन द्वारा बनाये गये सोविनियर का किया विमोचन और 2022-23 साल के शैक्षणिक, खेल कला तथा संस्कृति में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष विद्यार्थियों को दिया प्रमाणपत्र।

# तनाव से बचने के लिए सदैव खुश रहना सीखें : डॉ. नलगे

**शांति सरोवर में 'कर लो स्वास्थ्य मुट्ठी' में कार्यक्रम**

**रायपुर-छ.ग.।** मुम्बई के हेल्थ काउंसलर डॉ. दिलीप नलगे ने कहा कि सदैव खुश रहने के लिए अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाएं तथा यह सोचें कि जो हो रहा है वह कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि तनाव को पूरी तरह खत्म करना संभव नहीं है किन्तु तनाव प्रबंधन के द्वारा तनाव को कम करके इसके दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। डॉ. नलगे ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शांति सरोवर में आयोजित 'कर लो स्वास्थ्य मुट्ठी में' कार्यक्रम के दूसरे दिन 'तनाव प्रबंधन कला' विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने तनाव को खत्म करने का सबसे बढ़िया इलाज राजयोग मेडिटेशन को बताते हुए कहा कि इससे आत्मा को पूरा आराम मिलता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर परिस्थिति में खुश रहना सीखें और मेडिटेशन के माध्यम से अपनी आंतरिक क्षमता को बढ़ाएं। उन्होंने आगे बताया कि हमारा मन चार चीज़ों से मिलकर बना है- विचार, भावनाएं, दृष्टिकोण और स्मृति(यादें)। मन और शरीर के बीच गहरा अंतर्सम्बंध है। इसीलिए मन के विचारों के साथ-साथ जीवन की विभिन्न परिस्थितियों, घटनाओं, व्यक्ति और वस्तुओं के प्रति हमारा दृष्टिकोण तथा पुरानी यादें हमारे स्वास्थ्य को सीध प्रभावित करती हैं। मन में विचार उत्पन्न होने पर हाइपोथेलेमस जो कि मस्तिष्क का मुख्य भाग है, से रसायन निकलने लगते हैं। इन्हीं रसायनों के माध्यम से हाइपोथेलेमस द्वारा संकल्पों की सूचना बहुत ही तीव्र गति से शरीर के विभिन्न अंगों में संचारित होती है। इस प्रकार मन और शरीर के बीच हाइपोथेलेमस संचार माध्यम की तरह काम करता है।



**डॉ. दिलीप नलगे ने बताया तनाव से मुक्त रहने और हर परिस्थिति में खुश रहने का तरीका**

# नवनिर्मित भवन 'आनंद सरोवर' का भव्य उद्घाटन

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सिरसा में ईश्वरीय सेवाओं का स्वर्ण जंयती समारोह

**सिरसा-हरियाणा।** ब्रह्माकुमारीज़ के नवनिर्मित भवन 'आनंद सरोवर' के उद्घाटन कार्यक्रम में संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका एवं यूरोपियन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ ही संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्र.कु. मृत्युंजय भाई, नॉर्थ ज़ोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्र.कु. प्रेम दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. उत्तरा दीदी, बठिण्डा सबज़ोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्र.कु. कैलाश दीदी, माउण्ट आबू से ब्र.कु. हंसा दीदी, हांसी से ब्र.कु. लक्ष्मी दीदी, जींद से ब्र.कु. विजय दीदी व ब्र.कु. विजय भाई, फतेहाबाद से ब्र.कु. मदन भाई, करनाल से ब्र.कु. किरन दीदी, मधुबन से ब्र.कु. विवेक भाई, ब्र.कु. करण भाई, बुडलाडा से ब्र.कु. रजिन्द्र दीदी, कालांवाली से ब्र.कु. संतोष दीदी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी इस विशाल समारोह में अपनी उपस्थिति से वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार किया।



आनंद सरोवर के विशाल सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में सभी भाई-बहनों ने अपनी शुभकामनाएं दी व केक काट कर खुशियां मनाई।

### स्वर्ण जयंती समारोह का भी हुआ आयोजन

सिरसा में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की आध्यात्मिक सेवाओं का आगाज सन् 1969 में शहर के एक छोटे से स्थान से हुआ। इन ईश्वरीय सेवाओं के 53 वर्ष पूरे होने पर भव्य स्वर्ण जयंती समारोह का अयोजन किया गया। स्वर्ण जंयती समारोह में शहर के विशिष्ट पत्रकार, राजनैतिक नेता, डॉक्टर्स, एडवोकेट, शिक्षाविदों सहित अनेकों गणमान्य हस्तियों ने शामिल होकर लाभ लिया।




**शिवध्वज फहराकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर नये भवन का हुआ उद्घाटन**

**परिसर में बने पिरामिड, बाबा की झोपड़ी, विशाल किचन, विशेष ध्यान कक्ष(बाबा रूम) का भी राजयोगिनी जंयती दीदी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने किया शुभारम्भ**

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd,Dec 2022
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा डी.बी. कॉर्प.लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org